भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5328

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव

5328. डॉ. ए. चैल्ला कुमारः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों के कतिपय हिस्सों का रखरखाव संबंधित राज्य सरकारों को सौंपा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कतिपय राज्य सरकारें इन राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए लगने वाले व्यय का वहन करने के लिए तैयार नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰-66 की मरम्मत के लिए तमिलनाडु सरकार द्वारा वर्ष-वार व्यय और भुगतान की गई राशि कितनी है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): राष्ट्रीय राजमार्गों की लगभग 57,954 किमी लंबाई विभिन्न राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों को सौंपी गई है।

(ख): मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण तथा मरम्मत (एम ऐंड आर) के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों सहित विभिन्न निष्पादन एजेंसियों हेतु निधि आवंटित करता है।

आमतौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण और मरम्म्त करने के लिए पारस्परिक प्राथमिकता नुकसान की प्रकृति और परिमाण, रारा खंडों की संपूर्ण स्थिति, यातायात सघनता, राष्ट्रीय राजमार्गों की यातायात योग्यता सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले न्यूनतम कार्य, दोष देयता अवधि (डीएलपी) दायित्व के तहत रारा खंड या निर्माण, परिचालन और अंतरण (बीओटी) / हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) / परिचालन, अनुरक्षण और अंतरण (ओएमटी) रियायतों के अंतर्गत रारा खंड, राष्ट्रीय राजमार्गो पर चल रहे काम, नए विकासात्मक कार्यों के लिए की गई कार्रवाई की स्थिति, निधि की उपलब्धता आदि पर निर्भर करती है ।

(ग): मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण और मरम्म्त के लिए रारा-वार निधि आवंटित नहीं करता है। तमिलनाडु राज्य सरकार को सौंपे गए राष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण और मरम्मत के लिए आवंटित वर्ष-वार निधि और पिछले दो वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान किया गया व्यय निम्नानुसार हैं: -

			राशि करोड़ रुपये में
क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**आवंटन**	**व्यय**
1	2017-18	74.39	72.99
2	2018-19	52.77	42.64 (अनंतिम)
3	2019-20	21.92	2.20 (30.06.2019 तक)

इनके अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) द्वारा तमिलनाडु राज्य में रारा-66 के अनुरक्षण और मरम्म्त के लिए पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान व्यय की गई निधि का विवरण इस प्रकार है: -

		राशि करोड़ रुपये में
क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**व्यय**
1	2017-18	5.63
2	2018-19	6.98 (अनंतिम))
3	2019-20	1.13 (30.06.2019 तक)

*****